श्री जय नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ

(Accredited Grade'A' by NAAC)

प्रेस विज्ञप्ति

14.09.2022

श्री जयनारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 मीता साह ने आज एक प्रेस–विज्ञप्ति में बताया कि सत्र 2022–23 हेतु महाविद्यालय में संचालित स्नातक स्तर के रेगुलर पाठ्यक्रम की सभी सीटें भर गयी हैं और स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के बी0ए0 एवं बी0कॉम0 के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु अर्ह छात्र/छात्राओं की प्रथम मेरिट लिस्ट महाविद्यालय की वेबसाइट– www.jnpg.org.in पर जारी कर दी गयी हैं।

प्रथम मेरिट लिस्ट के प्रवेश 15 सितम्बर, 2022 से आरम्भ होंगे और प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक किये जायेंगे। प्रथम मेरिट लिस्ट की वैधता 16 सितम्बर, 2022 तक रहेगी तथा बची हुई सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय मेरिट लिस्ट जारी की जायेगी।

जिन अभ्यर्थियों का नाम उक्त मेरिट लिस्ट में शामिल है वे अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट www.jnpg.org.in पर जाकर प्रथम सेमेस्टर की फीस जमा कर अपनी सीट लॉक कर लें। काउंसिलिंग की तिथि पर अभ्यर्थी अपने साथ भरे हुए फार्म की दो प्रति, जमा की गयी कोर्स फीस की दो प्रति, सभी शैक्षिक प्रमाणपत्रों, जाति प्रमाणपत्र तथा भारांक सम्बन्धी पत्र की मूल प्रति एवं सभी प्रपत्रों के दो सेट छायाप्रतियों के साथ घोषित तिथि पर सम्बन्धित संकाय में उपस्थित हों।

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्रथम मेरिट लिस्ट की कटऑफ निम्न प्रकार है:–

Class	Cut off
BA	59.60%
BCom	60.20%

(प्रो0 नलिन रंजन सिंह)
समन्वयक,
प्रवेश समिति

(प्रो0 मीता साह)
प्राचार्या/संयोजक
प्रवेश समिति

Scanned with OKEN Scanner